an>

Title: Need to investigate fake phone calls to people of Gujarat to deposit money in fake bank accounts.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष जी, गुजरात में पिछले कुछ सालों से कुछ लोग अनजाने फोन कॉल्स से लोगों को बिना कोई गारंटी या बिना पेपर देने का लालच देकर लाखों रुपया फर्जी बैंक एकाउंट में जमा करवाते हैं। आम लोग जिसे बैंक का प्रोसीजर पता नहीं होता है, ऐसे लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं और लोन के लिए एडवांस जमा करवाना है, ऐसी बात करके ज्यादा से ज्यादा पैसे अपने फर्जी बैंक एकाउंट में जमा करवाते हैं। ऐसे लोगों का कोई स्थायी पता नहीं होता है और बाहरी राज्यों के बैंक एकाउंट होने की वजह से स्थानीय पुलिस भी ज्यादा कुछ नहीं कर पाती है। इस विषय में ईमेल और एमएस के जरिये से भी लोगों से पैसा लिया जाता है। मेरा आपके माध्यम से संबंधित मंत्रालय से मांग है कि इस विषय में संज्ञान लेकर आगे की कार्यवाही करे।